13 सबसे लंबा कदम

0220CH13

तीन दोस्त – खरगोश, हाथी तथा हिरण एक साथ पार्क में खेल रहे थे।

वे खेलने लगे।

कितनी हैरानी की बात है कि अंत में, हाथी जीता।

- क्या तुम बता सकते हो हाथी क्यों जीता?
- कौन सबसे लंबे कदम उठाता है?
- इस कहानी को नाटक के रूप में खेलो।

करके देखो

- तीन-चार दोस्तों का एक समूह बनाओ। लाइन खींचकर यह पता लगाओ कि किसके कदम सबसे लंबे हैं?
- दूरी पता करो –

(क) अपनी कक्षा के दरवाज़े तथा किसी खिड़की के बीच।

(ख) ब्लैकबोर्ड और जहाँ तुम बैठे हो।

2019-20

हाथ या उँगलियाँ

रजत कुछ चीज़ों की **लंबाई** अपने हाथ (**बित्ते**) से नापकर पता करना चाहता है। चित्र में उन चीज़ों को दिखाया गया है।

- क्या वह इन सभी चीज़ों की लंबाई हाथ से नाप सकता है?
- तुम्हारे आस-पास कौन-सी चीज़ें ऐसी हैं जिनकी लंबाई एक बित्ते से कम है? नाम बताओ।
- इन चीज़ों की लंबाई नापने के लिए आप किन चीज़ों का प्रयोग करेंगे?

करके देखो

मिट्टी से अपना-अपना एक घर बनाओ। देखो किसका घर ज़्यादा ऊँचा है। अपने घर की ऊँचाई जानने के लिए तुम अपनी उँगलियों का इस्तेमाल कर सकते हो।

- किसने सबसे बड़ा मिट्टी का घर बनाया?
- किसका मिट्टी का घर सबसे छोटा है?

अंदाज़ा लगाओ

इस चित्र में दो नारियल के पेड़ दिखाए गए हैं।

इनमें सबसे बड़ा पेड़ 6 मीटर ऊँचा है।

देखकर बताओ कि दूसरा नारियल का पेड़ कितना ऊँचा है?

अंदाज़ा लगाओ और फिर जाँचो

नीचे लिखी चीज़ों की लंबाई या ऊँचाई का अंदाज़ा लगाओ। उन चीज़ों के असली माप से अपने उत्तर को जाँचो।

वस्तु का नाम	*मेरा अंदाज़ा*	*मेरा परिणाम*
गिलास	________ उँगलियाँ	________ उंगलियाँ
बाल्टी	________ बित्ता	________ बित्ता
तुम्हारा हाथ 	________ माचिस की तीली	________ माचिस की तीली
शिक्षक की मेज़	________ बित्ता	________ बित्ता
तुम्हारी नाक	________ उँगली	________ उँगली
पानी की बोतल	________ उँगलियाँ	________ उँगलियाँ
तुम्हारे बाल	________ बित्ता	________ बित्ता

इकाइयों जैसे उँगलियाँ, बित्ता तथा माचिस की तीली के सही इस्तेमाल के बारे में बच्चों को बताएँ। बच्चों को अलग-अलग इकाइयों से अलग-अलग वस्तुओं को मापने को कहें।

© NCERT not to be republished

बिल्ली का खाना – चूहा या दूध?



* उँगलियों से चूहे तथा दूध के बीच की दूरी का पता लगाओ।
  ________ उँगलियाँ
* बिल्ली चूहे से कितनी दूर है? ________ उँगलियाँ
* बिल्ली दूध से कितनी दूर है? ________ उँगलियाँ
* बिल्ली सबसे पहले किसके पास पहुँचेगी–
  चूहे या दूध के कटोरे के पास?
* क्या चूहा अपने आपको बचा सकता है? कैसे?
* इस चित्र के आधार पर कहानी सुनाओ?
* चूहे की पूँछ कितनी लंबी है? ________ उँगलियाँ
* लंबी मूँछें किसकी हैं? चूहे या बिल्ली की?

© NCERT not to be republished

नापो और बनाओ



- ❊ पत्थर से 2 उँगली की दूरी पर एक पत्ता बनाओ।
- ❊ बंदर से 5 माचिस की तीली की दूरी पर एक केला बनाओ।
- ❊ पत्थर से 7 उँगली की दूरी पर एक पतंग बनाओ।
- ❊ पतंग से 3 माचिस की तीलियों की दूरी पर बादल बनाओ।
- ❊ केले से 4 उँगली की दूरी पर एक चिड़िया बनाओ।

इस पन्ने पर अपना चित्र कहीं भी बनाओ और पता करो कि तुम बंदर की नाक से कितनी दूर हो।

दी गई वस्तु के संदर्भ में बच्चों को किसी भी दिशा में नापने व चित्र बनाने दें। वे अलग–अलग दिशाओं में दूरी नापेंगे। यह दिशाओं के बारे में चर्चा का आधार बन सकता है।

© NCERT not to be republished

क्या ऐसा है?

संजू और उसके दोस्त यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके शरीर के विभिन्न भाग कितने लंबे हैं। उन्होंने यह पता लगाया –

(क) जो उन्होंने कहा, क्या तुम भी वैसा ही मानते हो?

(ख) पता करो तुम्हारे कितने दोस्तों का

(1) एक बित्ता लंबा मुँह है। __________

(2) पैर के बराबर हाथ हैं। __________

(3) चार उँगल चौड़ा माथा है। __________

(ग) तुम अपनी उँगलियों से अपने शरीर के दूसरे भागों को नापो और उनके माप को लिखो।

(1) तुम्हारी नाक ________ उँगलियाँ

(2) तुम्हारे कान ________ उँगलियाँ

यहाँ पर शरीर के भागों के जो माप दिए गए हैं वे अंदाज़े के आधार पर हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य बच्चों को शरीर के अंगों की सहायता से मापना सिखाना है; अत: इस दावे का सामान्यीकरण नहीं किया जाना चाहिए।

© NCERT not to be republished